**संदेश** | रंगों और कल्पनाओं से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# नन्हीं प्रतिभाओं ने ड्रॉइंग शीट पर उकेरी प्रकृति की सुंदरता





**नवभारत,जबलपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर द्वारा आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता में नन्हीं प्रतिभाओं ने अपनी तूलिका से ड्रॉइंग शीट पर प्रकृति के रंगों को आकर्षक और जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत किया।

महाराष्ट्र हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित की गई यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में आयोजित हुई जिसमें लगभग 150 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर



पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित विकास एवं प्रकृति संवर्धन से जुड़े विषयों पर अपनी तूलिका रंगों और कल्पनाओं के सहारे बच्चों ने ड्रॉइंग शीट पर प्रकृति की हरियाली, सौंदर्य और जीवन का अद्भुत चित्रण किया।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित की गई स्पर्धा

प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया गया। स्पर्धा में बच्चों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं सुश्री सुहानी मौर्य विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अधिकारी के.पी. सोनी ने प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### निर्णायक मंडल ने निभाई मुख्य भूमिका

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में रेनू पांडे एवं अरुणकांत पांडे शामिल रहे, जिन्होंने विभिन्न आयु वर्गों में उत्कृष्ट चित्रों का चयन करते हुए नन्हे प्रकृति प्रेमियों को उनकी बेहतर चित्रकला और कल्पनाशीलता के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर दो विशिष्ट प्रतिभागियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

### उत्साह से लबरेज़ बच्चों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी बच्चों ने अपने चित्रों के माध्यम से जनमानस को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों ने लोगों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करने का आह्वान भी किया।

### स्पर्धा में ये रहे विजयी प्रतिभागी

स्पर्धा में वर्ग एक कक्षा पहली से पांचवी में प्रथम स्थान आयांश जैन, द्वितीय स्थान शाष्मित अग्रवाल एवं तृतीय स्थान स्वास्तिक जैन ने प्राप्त किया। वर्ग 2 कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान अविका दुबे द्वितीय स्थान हंसिका नामदेव एवं तृतीय स्थान प्रिषा रोहेला ने प्राप्त किया वहीं वर्ग तीन कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान नैना तिवारी द्वितीय स्थान शर्मिष्ठा दास गुप्ता एवं तृतीय स्थान श्रद्धा दास गुप्ता ने प्राप्त किया।



# सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को कांग्रेस से जोड़ने की पहल

**सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान शुरू**

**नवभारत, जबलपुर।** युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, लेखकों, ब्लॉगर्स और विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय प्रतिभाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने सोशल मीडिया वॉरियर्स - प्रतिभा एक खोज अभियान की शुरुआत की है। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष संजय यादव ने प्रेस वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि यह अभियान केवल संगठन विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सकारात्मक कार्य कर रहे युवाओं को एक मंच उपलब्ध कराने का प्रयास है। इसके माध्यम से सोशल मीडिया पर सक्रिय युवा, कंटेंट क्रिएटर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सामाजिक कार्यकर्ता और कला एवं मनोरंजन क्षेत्र की प्रतिभाओं को कांग्रेस संगठन से जोड़कर जनहित, संविधान और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। पत्रकारों से चर्चा के दौरान संजय यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नई सोच और नई ऊर्जा के साथ युवाओं को आगे लाना चाहती है, ताकि समाज और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों पर उनकी सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से इस अभियान से जुड़ने की अपील भी की।

### 15 जून से आवेदन कर सकेंगे युवा

अभियान के संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार इच्छुक युवा 15 जून तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की जांच एवं स्क्रूटनी के बाद 20 से 23 जून के बीच साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित प्रतिभागियों की अंतिम सूची 30 जून को जारी की जाएगी। कांग्रेस नेताओं ने युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाकर अभियान से जुड़ने और अपनी प्रतिभा को व्यापक मंच प्रदान करने की अपील की। प्रेस वार्ता में प्रभारी सीताराम सिलावट, जिला कांग्रेस महासचिव सुकीर्थ त्रिपाठी, प्रवक्ता विवेक यादव, आईटी सेल महासचिव विवेक भोसले, सचिव राजेश पटेल, जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा (रिंकू), विधानसभा अध्यक्ष जितेन्द्र पटेल, आयुष राजपूत, रत्नेश पटेल एवं अरविंद मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में




### जबलपुर मंडल में स्वच्छता और जागरूकता अभियान आयोजित


**नवभारत,जबलपुर।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल द्वारा 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का व्यापक रूप से संचालन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों एवं रेल परिसरों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा जन-जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने हेतु विविध जनहितकारी कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जबलपुर रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को एकल-उपयोग प्लास्टिक एवं अन्य प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया गया जिसमे यात्रियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जागरूकता संबंधी स्लोगन युक्त पम्पलेटों का वितरण भी किया गया।

**स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का दिया संदेश** -इसी प्रकार बीसीएन डिपो, सतना में ई-कचरे (ई-वेस्ट) के पर्यावरणीय प्रभावों, उसके सुरक्षित संग्रहण, वैज्ञानिक निस्तारण एवं पुनर्चक्रण की प्रक्रियाओं के संबंध में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों को ई-कचरे के उचित प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया। रीवा स्टेशन परिसर में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रेलवे कॉलोनी एवं नालियों की व्यापक सफाई कर स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों को स्वच्छ पर्यावरण के संरक्षण, सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया।



### शहीदी दिवस पर राहगीरों को वितरित किया ठंडा शरबत

**नवभारत, जबलपुर।** शहीदी दिवस के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए जीसीएफ गेट के सामने सिख समाज और जीसीएफ के जवानों द्वारा ठंडे शरबत एवं छबील का वितरण किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जीसीएफ के पदाधिकारियों ने बताया कि शहीदी दिवस के पावन प्रसंग पर जवानों द्वारा स्टॉल लगाकर वहाँ से गुजरने वाले राहगीरों को राहत पहुँचाने के उद्देश्य से ठंडा छबील शरबत वितरित किया गया। यह पूरा सेवा आयोजन गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जीसीएफ के विशेष सहयोग और योगदान से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### गुरुद्वारा मढ़ाताल में पंजाबी कक्षाओं के छात्र पुरस्कृत

**नवभारत, जबलपुर।** गुरुद्वारा मढ़ाताल में संचालित नि:शुल्क पंजाबी कक्षाओं के समापन पर विद्यार्थियों हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सेवादार प्रताप सिंह बिर्दी एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। साध संगत के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की मेहनत एवं उपलब्धियों की सराहना की गई तथा उन्हें पंजाबी भाषा एवं गुरमत शिक्षा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया गया।

### प्रतिभावान छात्रों का अभिनंदन समारोह 10 को

**नवभारत, जबलपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा आगामी 10 जून 2026 को कायस्थ समाज के प्रतिभावान मेधावी छात्रों के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित करने जा रही है। इस विशेष कार्यक्रम में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 90 प्रतिशत अंक लाकर समाज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन किया जाएगा। सम्मान के इच्छुक छात्र अपनी जानकारी 5 जून 2026 तक व्हाट्सएप नंबर 9479860017 पर भेज सकते हैं या केंट सदर स्थित ए. पी. एन. शैक्षणिक परिसर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के कार्यालय में जमा करा सकते हैं।

# अमृतवेला गुरवाणी कीर्तन से भक्तिमय हो रहा का वातावरण

**नवभारत,जबलपुर।** समर वेकेशन चालीहा एवं साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के महान शहीदी गुरुपर्व के उपलक्ष्य में श्री गुरु ग्रंथ साहिब भवन, मदन महल, जबलपुर में प्रतिदिन प्रात:काल विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। 25 अप्रैल से 7 जून तक प्रतिदिन सुबह 3:00 बजे से 6:00 बजे तक मुंबई (उल्हासनगर) से पधारे अमृतवेला ट्रस्ट के प्रमुख सेवादार भाई गुरप्रीत सिंह जी 'रिंकू वीर जी' द्वारा गुरबाणी कीर्तन, श्री जपजी साहिब जी का पाठ, कथा-विचार एवं गुरु इतिहास की अमृतमयी व्याख्या की जा रही है।

रिंकू वीर संगत को गुरबाणी के शब्दों के गूढ़ अर्थ समझाकर जीवन में गुरु की मत अपनाने, उत्तम व्यवहार, सेवा, सिमरन एवं मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। प्रतिदिन प्रात:कालीन इस हाजिरी में लगभग



200 से 250 श्रद्धालु शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। घमापुर, लालमाटी सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से संगत विशेष रूप से पहुंच रही है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह 7:15 बजे श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ भी आयोजित किया जाता है। संगत के लिए प्रसाद की व्यवस्था के साथ-साथ आसपास के जरूरतमंद एवं निर्धन लोगों को भी प्रसाद वितरित किया जाता है। विशेष रूप से सरदार मंजीत सिंह, दिनेश ढाल , रवि कोटवानी , कमल बुधरानी , डॉ. जसप्रीत सिंह , कोमल दवानी , जिया खिलवानी, पायल जगवानी, अमनदीप सिंह छाबड़ा, गोपी नागदेव एवं मोहित रिजवानी जी प्रतिदिन अपनी उपस्थिति एवं सेवा के माध्यम से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### 303 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड हुए जारी

**नवभारत,जबलपुर।** दिव्यांग यात्रियों को बेहतर, सुगम एवं सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जबलपुर रेल मंडल निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में मंडल द्वारा दिव्यांग यात्रियों के लिए विभिन्न यात्री हितैषी सुविधाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के दो माह में 1 अप्रैल से 31 मई तक कुल 303 रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं, जो इस दिशा में मंडल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड के माध्यम से पात्र दिव्यांग यात्रियों को रेल किराए में निर्धारित रियायत प्रदान की जाती है। साथ ही नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा का लाभ भी उपलब्ध कराया जाता है। यह पहल अधिकाधिक पात्र यात्रियों तक शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं एवं रियायतों का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की जा रही है।



### श्रीराम मंदिर मदन महल में धार्मिक मंगल मिलाप संपन्न

**नवभारत, जबलपुर।** श्रीराम मंदिर, मदन महल में आयोजित 206वें धार्मिक मंगल मिलाप समारोह में संतों ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि समूह में प्रार्थना करने से व्यक्ति में 'मैं' यानी अहंकार की भावना समाप्त होती है और 'हम' की भावना उत्पन्न होती है, जो आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि 14 जून 2022 से इस मंदिर में प्रति मंगलवार मंगल मिलाप का निरंतर सफल आयोजन किया जा रहा है।

### अखंड पाठ और भजन संध्या आयोजित

इस धार्मिक समागम में संध्या 7 बजे से आरती, 7:15 बजे नर्मदा अष्टक, 7:30 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा 7:45 बजे हनुमान की आरती व श्रीराम स्तुति हुई। इसके बाद रामचरितमानस अखंड पाठ के समापन पर हवन हुआ। भजन संध्या में सुमधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर किया और रात्रि 8 बजे प्रसाद वितरित हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति संरक्षक गुलशन मखीजा, मनोज शर्मा, जितिन नारंग, मनीष पोपली, योगेश अबरोल, डॉ. हितेश अग्रवाल, डॉ. अविनाश खत्री, रमेश चन्द्र शर्मा, सुभाष चन्द्र खत्री, सुभाष मक्कड़, राजीव भाटिया व गीता पांडे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



### श्री सिद्ध महाकाली पीठ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** श्री सिद्ध महाकाली पीठ मंदिर, सुधा सागर विहार कॉलोनी में सुधीर महाराज के सान्निध्य एवं बबलू पंडित के सहयोग से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके चतुर्थ दिवस पर भगवान वामन अवतार की कथा एवं श्रीकृष्ण जन्म की लीला प्रसंग प्रस्तुत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ दूर-दराज से पहुंचे धर्मप्रेमियों ने भाग लेकर कथा का श्रवण किया। श्रद्धालुओं का कहना है कि सुधीर महाराज द्वारा राधा रानी और कृष्ण लीलाओं का भावपूर्ण एवं विस्तृत वर्णन किया जा रहा है।

### मोक्ष प्राप्ति के मार्ग का वर्णन और भंडारा

इस अवसर पर व्यास पीठ पर आसीन पंडित सुधीर दुबे ने भागवत कथा के दौरान श्रोता और वक्ता के श्रेष्ठ स्वरूप को स्पष्ट किया तथा इसके श्रवण से मोक्ष प्राप्ति के मार्ग का वर्णन किया। आयोजन समिति से जुड़े कमलेश यादव ने शहरवासियों से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। इस सात दिवसीय कथा का समापन कल 5 जून को विशाल भंडारे के साथ होगा।

# पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में 175 साधिकाओं का 'नृत्य-नमन'



**नवभारत, जबलपुर।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की स्मृति में मानस भवन सभागार में 'नृत्य नमन नृत्यांजलि' समारोह हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और पं. कुंजीलाल दुबे के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ। वक्ताओं ने पंडित जी की सत्यनिष्ठा, शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने शाश्वत मूल्यों व सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनके कार्य प्रेरक हैं और इसी पथ पर चलकर उनके सुपुत्र डॉ. विश्वनाथ दुबे ने कला व साहित्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया।

### दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

समारोह में शास्त्रीय, उपशास्त्रीय और लोकशैली में गणेश वंदना, शिव स्तुति, द्रोपदी चीर हरण, वेद स्तुति, राष्ट्र वंदना, रास स्तुति, कृष्ण-देवी आराधना, नर्मदा स्तुति व महादेवी वर्मा की कविता पर आधारित समूह नृत्य की प्रस्तुतियां देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। समारोह संयोजक व पाथेय संस्था सचिव राजेश पाठक प्रवीण के संयोजन में ख्याति प्राप्त कला समूहों के निर्देशकों के मार्गदर्शन में कुल 175 नृत्य साधिकाओं ने कला बिखेरी।

### निर्देशकों का मार्गदर्शन और अतिथि

सामूहिक नृत्यों का निर्देशन स्वाति मोदी तिवारी, नीलांगी कलन्तरे, डॉ. उपासना उपाध्याय, मोती सारंग शिवहरे, राकेश गिरी गोस्वामी, भैरवी विश्वरूप, मोमिता बेज सिंह, अंकिता गिनारा झा, नीता कृष्णकांत दीक्षित, मेघा पांडे, मानसी विश्वकर्मा, गरिमा पटवा, तेजस्वनी सिंह, अमृता तिवारी और महिमा गुप्ता ने किया। इस समागम में प्रतुल राजेंद्र मिश्रा, विजय अनुज, संतोष नेमा, डॉ. संध्या जैन श्रुति, गणेश प्यासा, आरती श्रीवास्तव, शिवानी भगत, डॉ. गिरीश पाठक, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. विपिन शर्मा, दिव्या चौबे, कामना सिद्धेश्वरी सराफ, यशोवर्धन पाठक, पुरुषोत्तम सराफ, मनोहर सोनी, दीपक पचौरी, डॉ. सलमा जमाल, प्रभा शील, ज्योति प्यासी, अभिलाष पांडे, रश्मि पाठक, मंजू इंगले, महेश स्थापक, विनीता विधि, डॉ. अनिल कोरी, देवेंद्र पांडे और रमाकान्त गौतम की विशेष सहभागिता रही।

**कार्यक्रम** | जनेकृविवि में पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

# औषधीय पौधे मानव जीवन के लिए बहुमूल्य धरोहर : कुलपति




**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की अध्यक्षता में कृषि महाविद्यालय, जबलपुर के पौध कार्यिकी विभाग द्वारा 'हरित पर्यावरण और स्वस्थ भविष्य के लिए औषधीय पौधों पर जागरूकता कार्यक्रम' हुआ। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि औषधीय पौधे मानव जीवन की बहुमूल्य धरोहर हैं, जिनके संरक्षण-संवर्धन एवं जागरूकता की जिम्मेदारी सबकी है। भारत में प्राचीन काल से इनका इतिहास रहा है। इस पहल से छात्र-छात्राओं व आमजन को प्रकृति, जड़ी-बूटियों के पारंपरिक ज्ञान तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना सराहनीय है।

### पौधों के महत्व पर डाला प्रकाश

समारोह में विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. ए. के. जैन, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी. सी. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव तथा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अल्पना सिंह उपस्थित रहे। डॉ. ए. के. जैन ने औषधीय पौधों को प्राथमिक स्वास्थ्य का सुरक्षित व प्राकृतिक स्रोत बताते हुए एलोवेरा, मीठी नीम और पुदीना सहित मेडिसिनल प्लांट्स की जानकारी दी। पौध कार्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेन्द्र तिवारी ने नीम, गिलोय, ब्राम्ही और अश्वगंधा के औषधीय गुणों से अवगत कराया।

### कार्यक्रम और अतिथियों की उपस्थिति

मुख्य वक्ता डॉ. एस. के. द्विवेदी ने बताया कि प्रस्तावित मेडिसिनल प्लांट एवेन्यू कार्यक्रम का उद्देश्य पारिस्थितिक संतुलन, जैव विविधता संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य हेतु औषधीय पौधों के रोपण को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम संचालन डॉ. सी. पी. शुक्ला एवं आभार डॉ. सी. एस. पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप-लेखानियंत्रक डॉ. अजय खरे, डॉ. ब्रजेश दीक्षित, डॉ. अनुभा उपाध्याय, डॉ. आलोक वाजपेयी, डॉ. आर. एन. श्रीवास्तव तथा डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, वैज्ञानिक, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भागवत कथा के समापन पर हुआ सुदामा चरित्र का भावपूर्ण वर्णन

**नवभारत, जबलपुर।** गुड़हाई में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के समापन दिवस पर सुदामा चरित्र की व्याख्या की गई। इस अवसर पर व्यास पीठ से पं. राकेश पाठक शरणागत ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि बड़े भाग्य से मानव शरीर मिलने के बाद भी जो ईश्वर भक्ति के लिए लालायित न हो, वह संसार का सबसे बड़ा गरीब है। सुदामा गरीब थे, लेकिन जब उन्होंने कृष्ण को अपना मूल धन माना तो उनके पास दुनिया का सारा वैभव आ गया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने सुदामा का उद्धार किया। मनुष्य जीवन भगवान का उपहार है और अमीरी-गरीबी दोनों परिस्थितियों में प्रभु का स्मरण जारी रहना चाहिए।

### पोथी पूजन और आरती वंदन के साथ समापन

पं. राकेश पाठक शरणागत ने सात दिनों की कथा में जिंदगी जीने की कला, भक्ति का महत्व और सत्संग की सीख का विस्तार से वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के अंतिम दिन यजमान राजेश-प्रभा पाठक, मुकेश-रानू पाठक, रमाकांत दुबे एवं अंकुर पाठक ने विधि-विधान से पोथी पूजन कर आरती वंदन किया। आयोजक परिवार ने कथा श्रवण के लिए पधारे सभी सुधि रसिक श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।